## युवा आपदा मित्र योजना

युवा आपदा मित्र योजना के तहत राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के **2 लाख 37 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित** किया जाएगा।

**प्रमुख बिंदु -**

- केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने **नई दिल्ली** में **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस समारोह** के दौरान इस योजना का शुभारंभ किया।
- **उद्देश्य :** इस योजना का उद्देश्य आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए सामुदायिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना है। और आपदा से निपटने के लिए समुदाय को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देना है।
- **लक्ष्य :** युवा आपदा मित्र योजना के तहत **कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रशिक्षित** करने का लक्ष्य रखा गया है।

**पृष्ठभूमि :**

- जुलाई, 2024 में उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) से **470.50 करोड़ रुपये** की लागत से युवा आपदा मित्र योजना (YAMS) के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी।
- इस योजना को **देश के 315 सबसे अधिक आपदा-संभावित जिलों** में मास्टर ट्रेनर के रूप में 1300 प्रशिक्षित आपदा मित्र वॉलंटियर्स और विशेष रूप से NCC, NSS, NYKS और BS&G (भारत स्काउट्स एंड गाइड्स) से लिए गए 2.37 लाख वॉलंटियर्स को आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया में प्रशिक्षित करने के लिए लागू किए जाने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था।
- यह कदम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके तहत किसी भी आपदा के दौरान समुदाय को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में तैयार किया जाता है।
- केन्द्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान **राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के तहत 14 राज्यों को 6348 करोड़ रुपये** और राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (SDMF) के तहत 6 राज्यों को 672 करोड़ रुपये जारी किए थे।

## राष्ट्रीय रोजगार मेला

29 अक्टूबर, 2024 को रोजगार मेले के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा **51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र** वितरित किए गए।

**प्रमुख बिंदु -**

- **संस्करण :** यह रोजगार मेले का 13वां संस्करण था।
- **आयोजक :** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) मेले का आयोजन कर रहा है।
- **उद्देश्य :** इन आयोजनों का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में उपयुक्त नौकरी के अवसरों से जोड़ना है।
- **प्रथम संस्करण :** राष्ट्रीय रोज़गार मेला का पहला संस्करण, 22 अक्टूबर, 2022 को किया गया था।
- **लक्षित वर्ग :** रोज़गार मेले मुख्य रूप से **18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं** को लक्षित करते हैं, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक योग्यताएँ शामिल हैं, जिनमें **8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाएँ, साथ ही आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री** पूरी करने वाले लोग शामिल हैं।

> **नोट :** एनएसडीसी द्वारा आयोजित रोजगार मेलों के अलावा, **सेक्टर स्किल काउंसिल, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र और पीएमकेवीवाई प्रशिक्षण साझेदार** जैसी संबद्ध एजेंसियां भी 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए देश भर में विभिन्न स्तरों पर रोजगार मेलों का आयोजन करती हैं।

## भारत- स्पेन द्विपक्षीय समझौता

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों देशो के बीच कई **समझौता ज्ञापनों (एमओयू)** पर हस्ताक्षर किए गए।

**प्रमुख बिंदु -**

- **स्थान :** गुजरात के वडोदरा शहर में।
- द्विपक्षीय वार्ता के दौरान **भारत और स्पेन ने बुनियादी ढांचे, रेलवे के साथ-साथ संस्कृति और पर्यटन** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
  - **रेलवे :** बुनियादी ढांचे, स्टेशनों, रेलवे सुविधाओं और लंबी दूरी के यात्री और माल नेटवर्क के उपकरण,शहरी और क्षेत्रीय रेलवे प्रणालियों की योजना, डिजाइन, विकास, कमीशनिंग और संचालन में सहयोग के लिए रेल परिवहन पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - **संस्कृति और पर्यटन : वर्ष 2026** को **'भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष'** के रूप में मनाया जाएगा।
    - ✓ **वर्ष 2024-28** के लिए एक **सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम** पर भी हस्ताक्षर किए गए।
  - **सीमा शुल्क :** सीमा शुल्क से संबंधित मामलों में सहयोग और आपसी सहायता पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
  - **दूतावास :** स्पेन कर्नाटक की राजधानी **बेंगलुरु** में अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा, जबकि भारत का महावाणिज्य दूतावास अगस्त में **बार्सिलोना, स्पेन** में शुरू हो गया है।
- हाल ही में दोनों देशो ने भारत में सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए **टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड (टीएएसएल)-एयरबस सुविधा** का उद्घाटन किया।

## पुरस्कार/ उपाधि

**अक्किनेनी नागेश्वर राव (एएनआर) राष्ट्रीय पुरस्कार 2024**

- हाल ही में अमिताभ बच्चन ने तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार **चिरंजीवी** को अक्किनेनी नागेश्वर राव (एएनआर) राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है।
- यह पुरस्कार **अक्किनेनी इंटरनेशनल फाउंडेशन** द्वारा स्थापित किया गया है।
- यह पुरस्कार हर साल कलाकारों को सिनेमा में उनके आजीवन योगदान के लिए सम्मानित करता है।
- इस पुरस्कार की स्थापना **वर्ष 2005** में हुई थी।

## चर्चित व्यक्तित्व- नियुक्ति

**विपिन कुमार**



बिहार कैडर के **1996 बैच के आईएएस अधिकारी** विपिन कुमार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वह इससे पहले शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव थे।

## खेल

**एसीसी पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप**

- अफगानिस्तान की ए टीम ने **एसीसी पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप** का खिताब अपने नाम कर लिया है, उसने पहली बार यह खिताब जीता है।
- अफ़गानिस्तान ए टीम ने ओमान के अल अमरत क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फ़ाइनल में **श्रीलंका ए** को सात विकेट से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।
- इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की 'ए' टीमें शामिल थीं, जबकि यूएई, ओमान और हांगकांग चीन ने अपनी नियमित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा की।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### उत्तराखण्ड

- हाल ही में देश के पहले **'लेखकों के गांव'** का उद्घाटन किया गया।
- देहरादून से लगभग 24 किलोमीटर दूर **थानो गांव** में स्थित 'लेखकों के गांव' पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के दिमाग की उपज है, जो स्वयं एक प्रसिद्ध लेखक हैं।

### नई दिल्ली

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में **'रन फॉर यूनिटी'** दौड़ का आयोजन किया।
- 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती **31 अक्टूबर** को मनाए जाने वाले **राष्ट्रीय एकता दिवस** के हिस्से के रूप में किया गया।
- **वर्ष 2015** में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश को देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरित करने हेतु सरदार पटेल की स्मृति में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

## वैश्विक समसामयिकी

### सऊदी अरब

- सऊदी अरब ने शहरी परिदृश्य को नया आकार देने के लिए **50 बिलियन डॉलर** की लागत से एक परियोजना शुरू की है जिसे **'मुकाब'** के नाम से जाना जाता है।
- इसका निर्माण कार्य सऊदी अरब की राजधानी रियाद में किया जा रहा है, यह एक विशाल गगनचुंबी इमारत है जो **दुनिया की सबसे बड़ी इमारत** बनने वाली है।
- यह घनाकार संरचना 1,300 फीट (लगभग 396 मीटर) की प्रभावशाली ऊंचाई पर होगी तथा 1,200 फीट (लगभग 366 मीटर) चौड़ी होगी।
- यह प्रिंस सलमान के **सऊदी विजन 2030** का हिस्सा है।

### ब्राजील

- ब्राजील ने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) पहल में शामिल न होने का निर्णय लिया है।
- इस प्रकार, ब्राजील **ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया** है जिसने इस विशाल परियोजना का समर्थन नहीं किया है।
- ब्राजील चीनी निवेशकों के साथ साझेदारी के वैकल्पिक तरीके खोजेगा।

### चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई)

- चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा शुरू की गई एक रणनीति है जो क्षेत्रीय एकीकरण में सुधार, व्यापार में वृद्धि और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **भूमि और समुद्री नेटवर्क के माध्यम से एशिया को अफ्रीका और यूरोप से जोड़ना** चाहती है।

## विविध

- केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री द्वारा नई दिल्ली में चावल मिलर्स के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के शिकायत निवारण प्रणाली (एफसीआई-जीआरएस) **मोबाइल ऐप** को लॉन्च किया गया। इस नए ऐप के माध्यम से **चावल मिलर्स की चिंताओं को दूर करने** में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल **29-30 अक्टूबर 2024 तक सऊदी अरब की यात्रा** पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना तथा व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।
  - साथ ही वह **फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII)** के **8वें संस्करण** में भी भाग लेंगे, जो एक महत्वपूर्ण मंच है जो वैश्विक नेताओं, निवेशकों और नवोन्मेषकों को एक साथ लाता है।

○○○○